>

Title: Need to fix a remunerative price for cotton in Maharashtra.

श्री दानवे रावसाहेब पाटील (जालना): महाराष्ट्र का कपास उत्पादक किसान आज फिर बदहाली के कगार पर है । महाराष्ट्र दिवस पर महाराष्ट्र के वर्तमान मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि कपास उत्पादक किसानों को उचित दाम दिए जाएंगे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं । महाराष्ट्र का कपास पैदा करने वाला किसान परेशान है । फिलहाल कपास के 55 लाख गांठ के निर्यात की अनुमति है । कपास की शुरूआती कीमत 7000/- रू. प्रति क्विंटल थी, जो बाद में 3000/- रू. हो गई । अधिक दाम पाने की उम्मीद में कपास न बेचने वाले किसान आज बहुत निराश हैं । मेरा सरकार से निवेदन है कि कपास की उच्च मूल्य दर सुनिश्चित करें ।